**Nai Dunia (Indore), 2nd October 2020, Page-4**

# आइआइटी में शॉर्ट टर्म कोर्स का समापन आज

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर में 22 अगस्त से शुरू किए गए शॉर्ट कोर्स का शुक्रवार को समापन होगा। संस्कृत भाषा आधारित लीलावती ऑफ भास्कराचार्य कक्षा में एक हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने मैटालर्जी, एस्ट्रोनॉमी, मेडिसिन और प्लांट साइंसेस की पढ़ाई संस्कृत में की। कोर्स के तहत विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संस्कृत में बात करना सीखा। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश जैन, एआइसीटीई के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे, संस्कृत भारती के सुरेश देवपुजारी, आइआइएम इंदौर के प्रो. हिमांशु राय, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बीएन श्रीकृष्ण कार्यक्रम में विचार व्यक्त करेंगे। आइआइटी इंदौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर के चेयरमैन प्रो. दीपक पाठक, आइआइटी मुंबई के प्रोफेसर के. रामसुब्रमण्यम और डॉ. के. महेश और संस्कृत भारती के प्रमोद पंडित भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। समापन कार्यक्रम दोपहर तीन बजे होगा।


**सम्पदा अधिकारी, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र इंदौर**

क्र. 4259 **आम सूचना** इंदौर, दि. 01.10.2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नंदानगर इंदौर स्थित भवन क्र. 91/2, श्री लक्ष्मण सहयोगी पिता श्री डमरू सहयोगी को एम.पी. हाउसिंग बोर्ड द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 10.02.1986 को हो जाने से उक्त भवन क्रमांक 91/2, श्री नारायण सहयोगी एवं श्री देवचन्द सहयोगी पिता स्व. लक्ष्मण सहयोगी को नामांतरित किया जाना विचाराधीन है। यदि इसमें किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस की समयावधि में मय ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता से कार्यालयीन समय में संपर्क स्थापित करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

संपत्ति अधिकारी

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, इंदौर